जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक :जीविवि/परीक्षा–2/गोप./2012/1276 दिनांक : 22/06/2012

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या,
शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
(जिला उड़नदस्ता प्रभारी)
मुरैना, भिण्ड, शिवपुरी, गुना, दतिया, अशोकनगर एवं श्योपुर

विषयः– उड़नदस्ता प्रतिवेदन प्रतिदिन विश्वविद्यालय को प्रेषित करने बावत्।

संदर्भः– विश्वविद्यालय का पूर्व पत्र क्रमांक जीविवि/परीक्षा–2/गोप./2012/1051 दिनांक 15.05.2012

महोदय/महोदया,

संदर्भित विषयांतर्गत विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं में आपके नियंत्रण में गठित उड़नदस्ता दलों के प्रतिवेदनों को प्रतिदिन विश्वविद्यालय की E-Mail - jiwajiuniversity@yahoo.com एवं फैक्स क्रमांक 0751–2442787 पर प्रेषित करने के लिये निर्देशित किया गया था लेकिन आपके द्वारा उडनरस्ता दलों के प्रतिवेदनों को विश्वविद्यालय को प्रेषित नहीं किया जा रहा है।

आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि आप प्रतिदिन उडनदस्ता दलों के प्रतिवेदनो को अनिवार्य रूप से विश्वविद्यालय को भेजें। जिससे वस्तुस्थिति से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया जा सके।

आपसे अनुरोध है कि आप अपने नियंत्रण में गठित उडनदस्ता दलों को निर्देशित करें कि वह जिले के अन्य महाविद्यालयों में प्रतिदिन परीक्षाओं पर सतत् निगरानी बनायें रखें और अपने प्रतिवेदनों से विश्वविद्यालय को निरन्तर अवगत करा कर परीक्षा अत्यावश्यक कार्य में सहयोग प्रदान करें।

कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

1. आयुक्त उच्च शिक्षा, सतपुड़ा भवन, भोपाल।
2. अतिरिक्त संचालक, ग्वालियर एवं चम्बल संभाग, मोतीमहल परिसर, ग्वालियर।
3. वित्त नियंत्रक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. कंट्रोल रूम प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
6. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

उप–कुलसचिव(गोपनीय/परीक्षा)